हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

हरियाणा में नगर निकाय का आम चुनाव और पंचायत उप चुनाव शांति पूर्वक जारी है।पंचकूला,अंबाला, सोनीपत और अन्य कई स्थानों से मिली जानकारी के अनुसार मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक जारी रहेगा।पंचकूला नगर निगम चुनाव के लिए मतदान को लेकर सुबह से ही लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सभी 204 मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में मतदाता अपना वोट देने आ रहे हैं।

पंचकूला नगर निगम क्षेत्र में आज कुल 2 लाख 7 हजार 379 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 1535 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। वोट देने आई कांग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। जनता का जो फैसला होगा वह मंजूर होगा।वही पंचकुला से भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी श्यामलाल बंसल ने भी पंचकूला वासियों पर भरोसा जताते हुए कहा कि मतदाता सही फैसला करेंगे।

सोनीपत नगर निगम के महापौर ओर 22 वार्ड से नगर निगम सदस्य के चुनाव के लिए भी लोग उत्साह से मतदान कर रहे हैं।सोनीपत नगर निगम चुनाव के लिए महापौर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी पूर्व महापौर राजीव जैन ने अपनी पत्नी पूर्व मंत्री कविता जैन,बेटे दिवांक के साथ मतदान किया।

वही कांग्रेस के महापौर पद के प्रत्याशी कमल दिवान ने अपनी पत्नी मेघा दिवान के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी प्रत्याशी मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है।

अंबाला में भी लोग लगातार अपने मतदान के मौखिक अधिकार को उत्साह के साथ प्रयोग कर रहे हैं।समाचार लिखे जाने तक अंबाला में 25 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया।अपना वोट देने आए राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि वोट सबका संवैधानिक अधिकार है, अपने इस अधिकार का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए।उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर आ कर लोकतंत्र के इस पर्व में वोट डाल कर भागीदारी करने की अपील की।

उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ ने कल पवित्र बृज 4 कोस यात्रा के पलवल जिले मे पड़ने वाले विभिन्न मार्गों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने परिक्रमा मार्ग में श्रद्घालुओं के लिए लगाए गए वाटर कूलर का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल व अन्य अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि 17 मई को शुरू होने वाली इस यात्रा मे श्रद्धालुओ को पलवल जिले से गुजरते समय कोई असुविधा न हो, इस लिए यह निरीक्षण किया गया है ।

वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर कल भिवानी के महाराणा प्रताप चौक गेट पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता नेत्रपाल भिवानी एवं उनके साथियों ने किया।सबसे पहले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ व आयोजकों ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं बल्कि राष्ट्र स्वाभिमान के प्रतीक है, जिनकी वीरगाथा सदियों तक आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

जींद के उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 मई को जयंती देवी मंदिर में जिला स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन होगा। इस दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत गुजरात के सोमनाथ में आयोजित राष्ट्रीय समारोह से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लाइव संबोधन भी प्रसारित किया जाएगा उपायुक्त ने बताया कि स्थानीय शिव चौक से जयंती देवी मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के लिए भी भजन-कीर्तन, ओंकार जाप और शिव तांडव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

पलवल पुलिस की अपराध जांच शाखा ने आज अवैध देशी कट्टा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच अधिकारी जगमिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान पलवल के गाँव भिडुकी निवासी राहुल के तौर पर हुई है।

बरामद हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध थाना हसनपुर मे अभियोग दर्ज किया गया है।